THE LAWRENCE SCHOOL, SANAWAR
‘Celebrating Excellence Since 1847’

हिंदी कनिष्ठ वर्ग भाषण प्रतियोगिता (अंतर सदनीय)
3 मार्च 2026

दिनांक 3 मार्च 2026, मंगलवार को सायं 6:15 बजे विद्यालय के बार्न हॉल में हिंदी कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 7 से 9) की अंतर सदनीय भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति कौशल, आत्मविश्वास एवं हिंदी भाषा के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने स्पष्ट उच्चारण, सशक्त अभिव्यक्ति एवं आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन उनके भाव, उच्चारण, प्रस्तुति शैली, समय-प्रबंधन एवं विषय पर पकड़ के आधार पर किया गया।

व्यक्तिगत स्तर पर विजेता प्रतिभागी इस प्रकार रहे:

- प्रथम स्थान – सान्वी मित्तल (हिमालय सदन)
- द्वितीय स्थान – किरत कौर (शिवालिक सदन)
- तृतीय स्थान – (सांझा) गुरलीन कौर एवं अमय महाजन (नीलगिरि सदन)

सदन स्तर पर परिणाम इस प्रकार रहे:

- प्रथम स्थान – हिमालय सदन
- द्वितीय स्थान – शिवालिक सदन
- तृतीय स्थान – नीलगिरि सदन
- चतुर्थ स्थान – विंध्या सदन

परिणाम:

इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के संप्रेषण कौशल में उल्लेखनीय सुधार हुआ तथा उनके भीतर आत्मविश्वास का विकास हुआ। उन्होंने मंच पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत करना सीखा, जिससे उनकी प्रस्तुति क्षमता और तार्किक सोच मजबूत हुई। इसके साथ ही, विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि एवं सम्मान की भावना भी बढ़ी, जो उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगी।